तत्काल/अति महत्वपूर्ण

प्रेषक,

निदेशक,
राज्य पोषण मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. **प्रबन्ध निदेशक,**
   यू0पी0 इण्डस्ट्रियल को–आपरेटिव एसो0 लि0 (यूपीका), कानपुर।
2. **प्रबन्ध निदेशक,**
   उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम, कानपुर।
3. **प्रबन्ध निदेशक,**
   उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0, लखनऊ।

पत्रांक : — /रा0पो0मि0/साड़ी–वर्दी/2022–23 दिनांक : 06 मई, 2022

**विषयः पोषण अभियान के अर्न्तगत आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को दो–दो अतिरिक्त साड़ी उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया यू0पी0 इण्डस्ट्रियल को–आपरेटिव एसो0 लि0 (यूपीका) के पत्र संख्या–27 दिनॉक 29.04.2022, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम, कानपुर पत्र संख्या–71 दिनॉक 29.04.2022 तथा उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0, लखनऊ के पत्र संख्या–50 दिनॉक 29.04.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा साड़ी की लैब टेस्ट रिपोर्ट व नमूना संलग्न करते हुए अवगत कराया गया कि ईकाईयों द्वारा साड़ी/वर्दी आपूर्ति का कार्य जिलो में किया जा रहा है। जनपदों से प्राप्ति रसीद प्राप्त होते ही जनपदवार स्थिति से सूचित किया जायेगा।

उक्त के क्रम में राज्य पोषण मिशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या सी–148 दिनॉक 04.05.2022 द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को साड़ी/वर्दी क्रय कर वितरित कराये जाने हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा नामित संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी के भौतिक परीक्षण उपरान्त आख्या उपलब्ध कराने हेतु समिति गठित की गयी। समिति में निम्न सदस्य थे :–

1. निदेशक (वित्त), राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0
2. उप निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0
3. उप निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0
4. संयुक्त परियोजना समन्वयक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0
5. जिला कार्यक्रम अधिकारी, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0

दिनांक 05.05.2022 को उक्त समिति की बैठक में समिति ने संस्थाओं द्वारा उपलब्ध करायी गये नमूना साड़ी का परीक्षण उपरान्त निम्नानुसार आख्या उपलब्ध करायी गयी हैः–

*"**उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0** द्वारा मात्र सहायिका हेतु पीले रंग की साड़ी की टेस्ट रिपोर्ट (दिनॉक 29.04.2022) उपलब्ध कराया गया है जबकि नमूना में दो साड़ी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु गुलाबी रंग तथा सहायिका हेतु पीले रंग), **यूपिका** द्वारा भी मात्र सहायिका हेतु पीले रंग की साड़ी की टेस्ट रिपोर्ट (दिनॉक 29.04.2022) उपलब्ध कराया गया है जबकि नमूना में दो साड़ी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु गुलाबी रंग तथा सहायिका हेतु पीले रंग), तथा इसी प्रकार **उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0** द्वारा मात्र आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु गुलाबी रंग की साड़ी की टेस्ट रिपोर्ट (दिनॉक 29.04.2022) उपलब्ध कराया गया है, जबकि नमूना में दो साड़ी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु गुलाबी रंग तथा सहायिका हेतु पीले रंग), प्राप्त कराया गया है। साड़ी आपूर्ति करने वाली चौथीं संस्था उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा साड़ी नमूना व टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराया गया है।*

*समिति द्वारा क्षेत्रीय प्रयोगशाला, वस्त्र समिति (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार) सर्वोदय नगर, कानपुर से परीक्षण की गयी साड़ी की टेस्ट रिपोर्ट तथा उपलब्ध कराये गये साड़ी के नमूने का भौतिक परीक्षण किया गया। समिति द्वारा साड़ी/वर्दी के भौतिक परीक्षण में निम्न तथ्य पाये गये।*

1. ***उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, यूपिका व उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0** द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी पर क्षेत्रीय प्रयोगशाला वस्त्र समिति सर्वोदय नगर, कानपुर, द्वारा परीक्षण सम्बन्धी कोई प्रमाणन अंकित नहीं किया गया है और न ही संस्था द्वारा नमूना प्रमाणित किया गया है। मात्र लिफाफे में रख कर नमूना उपलब्ध कराया गया है, **इस कारण यह स्पष्ट नहीं है कि संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी का ही परीक्षण क्षेत्रीय प्रयोगशाला वस्त्र समिति सर्वोदय नगर, कानपुर, द्वारा किया गया है।***

2. *उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, यूपिका व उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी के लम्बाई व चौड़ाई की माप की गयी जिसमें टेस्ट रिपोर्ट में अंकित माप के अनुसार साड़ियों की लम्बाई व चौड़ाई सही पायी गयी।*
3. *उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, यूपिका व उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी पीले रंग (सहायिका हेतु), की साड़ी में पोषण अभियान के लोगो में **"सही पोषण देश रोशन"** के स्थान पर **"सहि पोषण देश रोशन"** प्रिन्ट है इस प्रकार **सही** शब्द की वर्तनी त्रुटिपूर्ण है।*
4. *संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी (गुलाबी और पीला) के बार्डर पर प्रिन्ट **पोषण अभियान के लोगो के रंग (Colour) में पोषण अभियान के मूल लोगो के रंग (Colour) के सापेक्ष अन्तर पाया गया।***
5. *क्षेत्रीय प्रयोगशाला वस्त्र समिति सर्वोदय नगर, कानपुर, से प्राप्त उक्त टेस्ट रिपोर्ट में स्टेपिल किये गये साड़ी के नमूना (कतरन) व संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूना साड़ी का भौतिक रूप से अवलोकन समिति द्वारा किया गया। **टेस्ट रिपोर्ट में स्टेपिल किये गये नमूना (कतरन) में कॉटन की मात्रा अधिक प्रतीत हो रही है।***
6. *संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये सभी नमूनों पर समिति द्वारा अपने हस्ताक्षर अंकित किये गये है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि बैठक में उक्त नमूने का ही समिति द्वारा भौतिक परीक्षण किया गया।"*

राज्य पोषण मिशन के पत्र संख्या–सी–1224/रा.पो.मि./साड़ी–वर्दी/2021–22 दिनॉक 30.03.2022 द्वारा पोषण अभियान के अर्न्तगत आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को दो–दो अतिरिक्त साड़ी/वर्दी जनपदों में उपलब्ध कराये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश प्रदान किये गये है, जिसके क्रम में आपकी संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये साड़ी/वर्दी के नमूनों के भौतिक परीक्षण में समिति की आख्या में उपरोक्तानुसार तथ्य प्रकाश में आये है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि समिति की उपरोक्त आख्या के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जनपदों में भी **आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर के पत्र संख्या–867/ह0क0–नियोजन/2020–21 दिनांक 08.02.2021 (जो पूर्व में आप सभी को प्रेषित है)** द्वारा **निर्धारित मानकों** के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए साड़ी/वर्दी आपूर्ति की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

**(कपिल सिंह)**
निदेशक

पृष्ठांकन संख्याः C-153/तददिनांक।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर मुख्य सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन/महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन,उ0प्र0।
2. अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन/अपर महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
4. आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, कानपुर उ0प्र0।
5. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
6. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
8. विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रयोगशाला, द्वारा गुणवत्ता आश्वासन अधिकारी, वस्त्र समिति (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार) 117/48 ग्राउन्ड फ्लोर (निकट बैंक ऑफ बड़ौदा) सर्वोदय नगर, कानपुर नगर, उ0प्र0।
9. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ।
10. निदेशक (वित्त), राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
11. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
12. जिला कार्यक्रम अधिकारी, (मुख्यालय) राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
13. कार्यालय प्रति।

06/05/2022

**(कपिल सिंह)**
निदेशक